Daily Current Affairs 28 October 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. 23 अक्टूबर मनाया गया 7वाँ आयुर्वेद दिवस
• 23 अक्टूबर, 2022 को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 7वाँ आयुर्वेद दिवस मनाया गया। आयुर्वेद दिवस 2022 की थीम 'हर दिन हर घर आयुर्वेद' है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने धनवंतरि जयंती के दिन प्रति वर्ष 'राष्ट्रीय आयुर्वेदिक दिवस' मनाने का निर्णय लिया है। यह एक प्राचीन ज्ञान है और हमारी शोध परिषदें आयुष क्षेत्र में प्रभावशाली शोध कार्य कर रही हैं। हर दिन हर घर आयुर्वेदिक कैंपिंग का उद्देश्य आयुर्वेद को जन-जन तक पहुँचाना है।

2. ISRO ने वनवेब इंडिया-1 मिशन किया लॉन्च
• 23 अक्टूबर, 2022 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र श्रीहरिकोटा से पहला समर्पित वाणिज्यिक उपग्रह LVM-3 M2/ वनवेब इंडिया-1 मिशन लॉन्च किया है। लॉन्च व्हीकल मार्क 3 (LVM3) इसरो का अब तक का सबसे भारी रॉकेट है।
• यह न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL) के ज़रिये एक विदेशी ग्राहक वनवेब के लिए समर्पित एक वाणिज्यिक मिशन है। आपको बता दे कि वनवेब एक निजी उपग्रह संचार कंपनी है और देश की भारती एंटरप्राइज़ेज़ वनवेब में एक प्रमुख निवेशक और शेयरधारक है।

3. UP के तराई हाथी रिजर्व को केंद्र सरकर से मिली मंजूरी, देश का 33वाँ हाथी रिजर्व बना
• हाल ही में केंद्रीय वन और पर्यावरण मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश स्थित तराई हाथी रिज़र्व को अपनी मंज़ूरी दी है, जिसे दुधवा टाइगर रिज़र्व और लखीमपुर एवं पीलीभीत ज़िलों में स्थित पीलीभीत टाइगर रिज़र्व सहित 3,049 वर्ग किमी. क्षेत्र में विकसित किया जाएगा। तराई हाथी रिजर्व देश में 33वाँ और उत्तर प्रदेश में दूसरा रिजर्व होगा।
• उत्तर प्रदेश वन विभाग के अनुसार, विभाग ने अप्रैल में प्रस्ताव तैयार किया था और इसे 11 अक्तूबर को केंद्र को भेज दिया था। टीईआर के लिये केंद्रीय वन और पर्यावरण मंत्रालय से मंज़ूरी मिलने के बाद अब जल्द ही राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना जारी की जाएगी।

4. फाइनेंशिएयल एक्शन टॉस्क फोर्स की ग्रे लिस्ट से बाहर हुआ पाकिस्तान, वहीं म्यांमार को किया गया ब्लैक लिस्ट में शामिल
• 21 अक्टूबर, 2022 को फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (FATF) ने पाकिस्तान को चार साल बाद आतंकी वित्त पोषण और मनी लॉन्ड्रिंग पर वैश्विक निगरानी की 'ग्रे लिस्ट' से बाहर कर दिया है। वहीं भारत के एक अन्य पड़ोसी देश म्यांमार को ब्लैक लिस्ट कर दिया है। ब्लैक लिस्ट में उच्च जोखिम वाले उन देशों को रखा जाता है, जहां कार्रवाई किए जाने की जरूरत है। अब वर्तमान में ईरान, उत्तर कोरिया और म्यांमार ब्लैक लिस्ट में शामिल हैं।

5. भारत के अमन सहरावत ने स्पेन में अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर रचा इतिहास
• भारत के अमन सहरावत ने स्पेन में अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा है। 16 वर्षीय अमन इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय पहलवान हैं। उन्होंने तुर्की के अहमत दुमान को फाइनल में 12-4 से मात दी। ओलिम्पिक पदक विजेता बजरंग पुनिया और रवि कुमार दहिया भी इससे पहले इस प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचे थे और उन्होंने रजत पदक प्राप्त किया था।

6. रिलायंस जियो ने राजस्थान के नाथद्वारा से लॉन्च की 5G सेवा
• रिलायंस जियो ने 22 अक्टूबर, 2022 को राजस्थान के नाथद्वारा से मोबाइल की 5G सेवाएं लॉन्च कर दी हैं। दो महीने पहले ही इसकी घोषणा की गई थी। रिलायंस जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी ने राजस्थान में राजसमंद के प्रसिद्ध श्रीनाथजी मंदिर से 5जी सेवाओं की शुरुआत की है। इस साल दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई

Resultuniraj.co.in

Daily Current Affairs 28 October 2022

जैसे प्रमुख शहरों में 5G सेवाएं शुरू करने का लक्ष्य है और अगस्त 2023 तक देश भर के हर शहर, तहसील और तालुका में रिलायंस 5जी सेवाओं का विस्तार कर देगा।

7. ऋषि सुनक बने ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री
• 25 अक्टूबर, 2022 को ब्रिटेन के राजा चार्ल्स ने लंदन के बकिंघम पैलेस में ऋषि सुनक को ब्रिटेन का 57वाँ प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। वह यूनाइटेड किंगडम के प्रधानमंत्री बनने वाले पहले एशियाई मूल के व्यक्ति हैं। ऋषि सुनक ब्रिटेन के पहले भारतीय मूल के प्रधानमंत्री बने है। वह इस साल बोरिस जॉनसन और एलिजाबेथ ट्रस के बाद तीसरे प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने रेस में शामिल पेनी मोर्डंट और पूर्व पीएम बोरिस जॉनसन को पीछे छोड़ते हुए पार्टी के 100 सांसदों से अधिक का समर्थन हासिल किया था।

8. भारत और अमेरिका की सेनाओं ने 'टाइगर ट्रंफ' अभ्यास किया
• भारत और अमेरिका की सेनाओं ने दोनों देशों के बीच बढ़ते रणनीतिक सहयोग के तहत विशाखापत्तनम में तीन दिवसीय संयुक्त मानवीय सहायता अभ्यास 'टाइगर ट्रंफ' किया। इस साल के अभ्यास में 50 संयुक्त प्रतिभागी शामिल हुए और यह अभ्यास स्टाफ नियोजन पर केंद्रित है, जिसमें कूटनीतिक, परिचालन और सैन्य समन्वय को सुव्यवस्थित करने से जुड़ी प्रक्रियाओं पर जोर दिया गया है।

9. बांग्लादेश में आया चक्रवाती तूफान सीतांग, भारतीय क्षेत्र भी हुए प्रभावित
• हाल ही में बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती तूफान सीतांग उत्पन्न हुआ है। सीतांग पश्चिम बंगाल को पार करते हुए बांग्लादेश से टकराया है। इसके अलावा भारत का पूर्वी क्षेत्र भी इससे प्रभावित हुआ है। चक्रवाती तूफान 'सीतांग' बंगाल की खाड़ी में तैयार हुआ है। इस तूफान का नाम थाईलैंड ने दिया है। बांग्लादेश को पार करने के बाद चक्रवात सीतांग तेजी से एक गहरे दबाव में बदल गया और इसके बाद यह एक निम्न दबाव क्षेत्र में बदल गया था।

10. IIT मद्रास ने 2021-22 के लिए राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा पुरस्कार जीता
• हाल ही में आईआईटी मद्रास को पेटेंट फाइलिंग, अनुदान और व्यावसायीकरण के लिए देश में शीर्ष शैक्षणिक संस्थान होने के लिए केंद्र सरकार द्वारा 'राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा पुरस्कार 2021-22' से सम्मानित किया गया है।वर्ष 2021 में IIT-M द्वारा भारत में दायर कुल पेटेंट आवेदन (कम से कम एक भारतीय आवेदक) विदेश में 120 और 68 थे। भारत में कुल 133 पेटेंट और विदेशों में सात पेटेंट दिए गए।

Resultuniraj.co.in